	OFFECE OF EXECUTIVE ENGINEER OPERATION GENERAL AND CHEMISTRY DIVESION ANPARA 'D' THERMAL POWER PROJECT U.P. RAJYA VIDYUT UTPADAN NIGAM LTD. ANPARA: SONEBHADRA (U.P.)	कार्यालय अधिशासी अभियन्ता परिचालन सामान्य एवं रसायन खण्ड अनपरा 'द' तापीय परियोजना अनपरा–231225, सोनभद्र (उ0प्र0)

पत्रांकः /परि0सा0एवंरसा0खं0/'द'ताप0/पी0एफ0 दिनांकः 29 /06/2019

"कार्यालय ज्ञाप"

एतद्द्वारा यथा संशोधित तथा निगम द्वारा अंगीकृत उ0प्र0राज्य विद्युत परिषद (कर्मचारियों) की सेवा निवृत्ति) विनियमावली–1975 के विनियम–2 (क) के साथ पठित परिषदाज्ञा सं0 5008–जी0एम0/राविप–जी0एम0–10(25) एच/1975, दिनांक 25 सितम्बर 1975 के द्वारा अंगीकृत शासनादेश सं0 जी–2–256–दस–534/19/1975, दिनांक 22 मई 1975 के तहत अधोनामित सेवक को, उसकी अधिवर्षता की आयु पूर्ण होने की तारीख के मास के अंतिम दिन अर्थात् उसके नाम के सम्मुख स्तम्भ–4 के नीचे अंकित तारीख के अपराह्न से सेवानिवृत्त हो जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान की जाती हैः–

सेवक का नाम/पदनाम/जन्म तिथि	अधिवर्षता की आयु	अधिवर्षता की आयु पूर्ण करने की तारीख	अधिवर्षता की आयु पूर्ण होने की तारीख के मास की अंतिम तारीख
1	2	3	4
श्री रमेश चन्द्र अवर अभियन्ता, 01.01.1960	60 वर्ष	31.12.2019	31.12.2019

एतद्द्वारा यह भी आदेश दिये जाते हैं कि :–

(1) उपर्युक्त सेवक की अधिवर्षता की आयु पर सेवानिवृत्ति की तारीख के पहले उसके सेवा में रहते उसकी छः महीने की सेवा अवधि मेंः–

(क) उसकी प्रथम छः माह की सेवा अवधि में अनिवार्यतः उसके पेंशन कागजातों की तैयारी के लिये उसकी– (1) अर्हकारी सेवा की संगणना (2) औसत परिलब्धियों का हिसाब और उसके विरुद्ध (3) परिषद की देय रकमों का हिसाब और जो कुछ निकले उसकी वसूली (4) अनुशासनिक/न्यायिक प्रशासनाधिकरण की जाँच जो भी हो पूरी करने की कार्यवाही इत्यादि प्रत्येक दशा में शीर्ष प्राथमिकता के साथ पूरी कर ली जाय। जो कर्मचारी की सेवानिवृत्ति की तारीख से दो महीने पहले पूरी कर ली जाय।

(ख) उसकी अगले पाँचवें मास की सेवा अवधि के अन्त तक उसकी पेंशन/ग्रेच्युटी राशिकरण भुगतान आदेश जारी कर दिये जायें।

(ग) उसकी अगली और अन्तिम पाँचवें मास की सेवा अवधि की पहली तारीख को उसकी पेंशन/ग्रेच्युटी राशिकरण भुगतान आदेश दे दिये जायें।

(2) सम्बन्धित सेवक को उसकी सेवानिवृत्ति की नोटिस के साथ पेंशन प्रपत्रों की तीन प्रतियाँ देकर, वह उनसे भरवाकर उसकी सेवा निवृत्ति की तारीख से पहले छठवें मास की सेवा अवधि के प्रथम मास में प्राप्त कर लिया जाय।

(3) सम्बन्धित सेवक अपनी सेवानिवृत्ति की तारीख से पहले अपनी छठवें मास की सेवा अवधि में ही निगम में सभी तरह की बकाया देय रकमों, जो कोई उनके विरुद्ध निकलती हों, को निगम के खाते में जमा कर दें।

(4) सम्बन्धित निगमीय सेवक यदि आवासीय भवन में रह रहा हो, तो वह अपनी सेवानिवृत्ति के तुरन्त बाद आवास को खाली कर दे, उसके समस्त देयों का तत्काल निगम को भुगतान कर दे।

एस0 के0 अग्रवाल
अधिशासी अभियन्ता

पत्रांकः 2208 /परि0सा0एवंरसा0खं0/'द'ताप0/पी0एफ0 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मुख्य महाप्रबन्धक, अनपरा ताप विद्युत परियोजना, उ0प्र0रा0वि0उ0नि0लि0, अनपरा, सोनभद्र।
2. मुख्य अभियन्ता (निर्माण), 2 × 500 मे0वा0 'द' ताप विद्युत गृह, उ0प्र0रा0वि0उ0नि0लि0, अनपरा, सोनभद्र।
3. अधीक्षण अभियन्ता, परि0एवंअनु0नि0मं0–प्रथम, 2 × 500 मे0वा0 'द' ताप विद्युत गृह, उ0प्र0रा0वि0उ0नि0लि0, अनपरा, सोनभद्र।
4. उप मुख्य लेखाधिकारी, के0वि0ले0 एव बजट संस्थान, 'द' ताप विद्युत परियोजना, अनपरा, सोनभद्र।
5. मुख्य लेखाधिकारी (बी0एस0ए0/जी0पी0एफ0), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
6. मुख्य परियोजना प्रबन्धक (प्रगति), उ0प्र0रा0वि0उ0नि0लि0, चतुर्थ तल, नवीन भवन, टी0सी0/46 वी, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ को निगम की वेबसाइट www.uprvunl.org पर अपलोड करने हेतु।
7. उप–महाप्रबन्धक (अनुशासनिक कार्यवाही), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
8. उप महाप्रबन्धक (जॉच एवं सतर्कता), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
9. सम्बन्धित कार्मिक।

29.06.19

(ए0 के0 अग्रवाल)
अधिशासी अभियन्ता